बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-190
19/06/2019

जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में हुये आतंकी हमले में शहीद बिहार के जवान के प्रति मुख्यमंत्री मर्माहत, व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

पटना 19 जून 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुये आतंकी हमले में सेना के जवान, सीवान के दिघवलिया गांव निवासी अमरजीत कुमार की शहादत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि पूरा बिहार शहीद के परिवार के साथ है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******